
# वनडे रैंकिंग के टॉप 10 में शुभमन समेत 3 भारतीय


**नई दिल्ली, 05 अगस्त. इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बुधवार को पुरुष वनडे खिलाड़ियों की ताजा रैंकिंग जारी की है, जिसमें नीदरलैंड, नेपाल और नामीबिया के प्लेयर्स की बल्ले-बल्ले हो गई. नीदरलैंड टीम जारी आईसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 कॉम्पिटिशन में अच्छी फॉर्म में है.**

हाल ही में उसने यूट्रेक्ट में नेपाल को 57 रन से शिकस्त दी. नीदरलैंड की नजर अब आईसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप क्वालिफायर इवेंट में एंट्री करने पर है. कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने नेपाल के खिलाफ 57 रनों की पारी खेली, जिससे नीदरलैंड ने लीग 2 तालिका में टॉप चार में अपनी जगह और पक्की कर ली. एडवर्ड्स वनडे बल्लेबाजों की लेटेस्ट रैंकिंग में चार पायदान चढ़कर 34वें नंबर पर आ गए हैं.

वहीं, वनडे बॉलर रैंकिंग में अनुभवी स्पिनर रोएलोफ वैन डेर मर्व नेपाल के खिलाफ दो विकेट लेने के बाद 11 स्थान की छलांग लगाई. वह अब संयुक्त रूप से 63वें स्थान पर आ गए हैं. रोएलोफ के साथी लोगान वैन बीक तीन स्थान ऊपर 76वें पर पहुंच गए. उन्होंने मैच में दो विकेट चटकाए थे. नेपाल के भी तीन खिलाड़ियों का फायदा हुआ है. ललित राजबंशी (एक स्थान ऊपर 45वें पर) और करण केसी (सात स्थान ऊपर 83वें पर) वनडे बॉलर्स की अपडेटेड लिस्ट में आगे बढ़े हैं. नेपाल के आसिफ शेख दो स्थान ऊपर चढ़कर वनडे बल्लेबाजों की लिस्ट में 76वें नंबर पर आ गए. नामीबिया ने नीदरलैंड और नेपाल के साथ लीग 2 ट्राई सीरीज में हिस्सा लिया और उसके चार खिलाड़ी ने लेटेस्ट वनडे रैंकिंग में बढ़त हासिल की है. जान फ्राइलिंक बल्लेबाजों की सूची में 16 पायदान ऊपर 90वें नंबर पर आ गए हैं. रूबेन ट्रम्पेलमैन बॉलर्स की लिस्ट में पांच स्थान चढ़कर 87वें नंबर पर आ गए हैं. वनडे बल्लेबाजों की टॉप 10 लिस्ट में कप्तान शुभमन गिल समेत तीन भारतीय हैं. शुभमन शीर्ष पर काबिज हैं. न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल दूसरे नंबर पर हैं. शुभमन गिल ने पिछले हफ्ते मिचेल से बादशाहत छीनी थी. भारत ने आखिरी वनडे 19 जुलाई को इंग्लैंड के खिलाफ खेला था. स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दूसरे जबकि रोहित शर्मा तीसरे पायदान पर हैं.

# भारतीय टीम में हुई 4 नेट बॉलर्स की एंट्री






**नई दिल्ली, 05 अगस्त. श्रीलंका के खिलाफ 15 अगस्त से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले हर्ष दुबे, शिवांग कुमार, तनुष कोटियन और विपराज निगम नेट बॉलर के तौर पर भारतीय टीम से जुड़ गए हैं. ये चारों खिलाड़ी श्रीलंका में तैयारी के दौरान शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम की मदद करेंगे.**

भारतीय टीम श्रीलंका पहुंच चुकी है और टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले कोलंबो में प्रैक्टिस मैच खेलेगी. टेस्ट सीरीज से पहले भारत 7 अगस्त से कोलंबो के नॉनडेस्क्रिप्ट्स क्रिकेट क्लब ग्राउंड पर तीन दिन का प्रैक्टिस मैच खेलेगा. पहला टेस्ट 15 से 19 अगस्त तक गाले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा. दूसरा और आखिरी टेस्ट 23 से 27 अगस्त तक कोलंबो के सिंहलीज स्पोर्ट्स क्लब में होगा.

सीरीज से पहले भारत को कई खिलाड़ियों के चोटिल होने का झटका लगा है. इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान बाएं घुटने में लगी चोट से पूरी तरह ठीक न हो पाने के कारण तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को टीम से बाहर कर दिया गया है. उनकी जगह आकिब नबी को टीम में शामिल किया गया है. हर्षित राणा हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बाहर हैं, जबकि नितीश कुमार रेड्डी क्वाड्रिसेप्स की चोट से उबर रहे हैं. ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण पहला टेस्ट नहीं खेल पाएंगे. तेज गेंदबाज आकाश दीप भी उपलब्ध नहीं हैं क्योंकि वह अपनी पीठ में स्ट्रेस रिएक्शन से उबर रहे हैं.

## इन्फेंटिनो ने फीफा कर्मचारियों की आपात बैठक बुलाई

**रबात, 05 अगस्त. अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ ( फीफा ) के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने बढ़ रहे दबाव के कारण बुधवार को रबात में फीफा कर्मचारियों की एक आपातकालीन बैठक बुलाई है.**

फीफा के वैश्विक फुटबॉल विकास प्रमुख और आर्सेनल के पूर्व प्रबंधक आर्सेन वेंगर ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि वह विश्व कप के संचालन के लिए एक कंपनी में निजी निवेश की मांग करने की योजना में 'शामिल नहीं थे', लेकिन इसे वापस लेने का निर्णय 'बिल्कुल आवश्यक और निर्विवाद' था. प्राप्त जानकारी के अनुसार, सप्ताहांत के बाद मोरक्को में बैठक बुलाई गई है और इसमें महासचिव मैटियस ग्राफस्ट्रॉम और फीफा प्रबंधन बोर्ड, संगठन के चीफ ऑफ स्टाफ डैनियल ओ'टूल, मुख्य कानूनी अधिकारी एमिलियो गार्सिया सिल्वेरो, सदस्य संघों के प्रमुख एल्खान मम्मादोव, मानव संसाधन प्रमुख किम्बर्ली मॉरिस, मीडिया निदेशक ब्रायन स्वानसन और संचार निदेशक डेविड फैरेली शामिल हैं. इन्फेंटिनो के बाद संगठन में दूसरे सबसे वरिष्ठ व्यक्ति ग्रैफस्ट्रॉम ने भी फीफा कर्मचारियों से संपर्क किया है.



## एसए20 में शामिल हुए मिशेल मार्श और जो रूट

**केपटाउन, 05 अगस्त. दक्षिण अफ्रीका की प्रमुख लीग एसए 20 की छह फ्रेंचाइजी ने सीजन 5 के लिए अपने रिटेन किए गए खिलाड़ियों और प्री-ऑक्शन साइनिंग की पुष्टि कर दी है. इसके बाद विदेशी खिलाड़ियों की एक शानदार लिस्ट सामने आई है, जिसमें मिशेल मार्श, सैम करन, जो रूट, फिल साल्ट और जेसन होल्डर जैसे बड़े नाम शामिल हैं. खिलाड़ियों की नीलामी होनी अभी शेष है.**

डरबन सुपर जायंट्स और पार्ल रॉयल्स ने पहले ही अपनी 19 खिलाड़ियों की टीम पूरी कर ली है, जबकि बाकी चार फ्रेंचाइजी में अभी भी 19 जगहें खाली हैं. ऑस्ट्रेलिया के टी-20 कप्तान मार्श तीन बार की चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप से जुड़कर अपना पहला एसए 20 सीजन खेलने के लिए तैयार हैं. मार्श, जो 'द हंड्रेड' में सनराइजर्स फ्रेंचाइजी के लिए खेलते हैं, टीम की पहले से ही मजबूत बल्लेबाजी लाइन-अप को और ताकत देंगे. इस लाइन-अप में क्विंटन डी कॉक, मैथ्यू ब्रीट्जके, जॉर्डन हरमन और कप्तान ट्रिस्टन स्टब्स जैसे खिलाड़ी शामिल हैं.

डरबन सुपर जायंट्स ने इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करन को अपनी टीम में शामिल किया है. करन पहले दो सीजन में एमआई केप टाउन के साथ खेलने के बाद लीग में वापसी कर रहे हैं. सुपर जायंट्स में करन अपने साथी खिलाड़ी जोस बटलर के साथ जुड़ेंगे. टीम में एडेन मार्करम, हेनरिक क्लासेन और सुनील नरेन भी शामिल हैं.

> एक और अहम बदलाव में, इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स प्रिटोरिया कैपिटल्स छोड़कर एमआई केप टाउन से जुड़ गए हैं. यह एमआई की मालिकाना हक वाली टीम के साथ उनका तीसरा जुड़ाव होगा. इससे पहले वह आईपीएल में मुंबई इंडियंस और 'द हंड्रेड' में एमआई लंदन के लिए खेल चुके हैं. वहीं, जोबर्ग सुपर किंग्स ने कप्तान फाफ डु प्लेसिस से अलग होने के बाद जेसन होल्डर को अपनी टीम में शामिल किया है. डु प्लेसिस ने पिछले चार सीजन में टीम की कप्तानी की थी.

# ताइक्वांडो में बेटियां बना रहीं अपना भविष्य

### कश्मीर में बदला माहौल...




**श्रीनगर, 05 अगस्त. ताइक्वांडो के लिटिल चैंप ने दो दिन पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी अपनी कला से अचंभित कर दिया था. पांच साल की बच्ची पलक ने जब एक पंच सांसद रविकिशन को मारा तो बोले- बिटिया दमदार है भाई... गोरक्षनगरी में ऐसी एक नहीं, तमाम बच्चियां और नन्हें बच्चे भविष्य के लिए तैयार हो रहे हैं.**

ओलंपिक में धाक जमाते रहे अमेरिका, जापान, चीन जैसे देशों की तर्ज पर अपने शहर में भी नन्हें बच्चे खेलों का अभ्यास में जुट जा रहे हैं. शहर में ताइक्वांडो के लिए तीन साल की उम्र से ही बच्चे ट्रेनिंग लेना शुरू कर दे रहे हैं. पांच साल तक पहुंचते-पहुंचते वे काफी हद तक प्रशिक्षित हो जा रहे हैं. ताइक्वांडो और मार्शल आर्ट्स में अब भारत ज्यादा समय तक पीछे नहीं रहेगा, ऐसा बच्चों में खेलों के प्रति बढ़ते जुनून से साफ दिखाई दे रहा है. जिले में अब मार्शल आर्ट्स के लिए पौध तैयार हो रही है.

शाम के समय अगर आप पंत पार्क, दिग्विजय नाथ पीजी कॉलेज, तारामंडल आदि जगहों से गुजरेंगे तो ये आवाजें आपको सुनने को मिल जाएंगी. शहर में ताइक्वांडो का क्रेज इतना बढ़ गया है कि छोटी उम्र में ही बच्चे इसकी ट्रेनिंग शुरू कर दे रहे हैं. तारामंडल स्थित एकेडमी में बुधवार को पांच साल के रक्षत ने जब किक मारना शुरू किया तो सभी हैरत में दिखाई दिए. ऐसे तमाम बच्चे इन एकेडमी में तैयार हो रहे हैं.

### एक नजर में

## ब्रॉक लेसनर ने पेशेवर कुश्ती से लिया संन्यास



**वॉशिंगटन.** कॉम्बैट स्पोर्ट्स के दिग्गज और 10 बार के डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन अमेरिका के पहलवान ब्रॉक लेसनर ने पेशेवर कुश्ती से संन्यास ले लिया है. 49 वर्षीय लेस्नर ने मंगलवार को 'द पैट मैकफी शो' में कहा कि शनिवार को डब्ल्यूडब्ल्यूई समरस्लैम में उनकी उपस्थिति उनके करियर की आखिरी उपस्थिति होगी. उन्होंने स्वीकार किया कि इस साल की शुरुआत में रेसलमेनिया में जब उन्होंने रिंग में अपने जूते और दस्ताने उतारे थे, तब उन्हें लगा था कि उनका करियर खत्म हो गया है, लेकिन अंततः उन्होंने पिछले सप्ताहांत मिनियापोलिस में एक आखिरी हेल इन ए सेल मैच खेलने का विकल्प चुना. लेस्नर ने कहा, 'मैं आज दुनिया को यह बताने आया हूं कि मैंने संन्यास ले लिया है. उन्होंने कहा कि शनिवार मेरे लिए बहुत भावुक दिन था. यह थोड़ा अजीब था. जब ओबा फेमी ने मुझे रेसलमेनिया में पटका, तो मैंने कहा, 'मैं अब और नहीं कर सकता.

## वैभव पर कैफ ने टीम प्रबंधन को घेरा



**नई दिल्ली.** भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के करियर और उनके चयन को लेकर पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने टीम प्रबंधन के रवैये पर तीखे सवाल उठाए हैं. कैफ का मानना है कि आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन कर ऑरेंज कैप जीतने वाले इस 15 वर्षीय खिलाड़ी के साथ न्याय नहीं किया गया. कैफ का कहना है कि टीम प्रबंधन को आयरलैंड दौरे पर ही वैभव सूर्यवंशी को डेब्यू का मौका देना चाहिए था. वैभव को आयरलैंड के खिलाफ दो मैचों की सीरीज में प्लेइंग-11 में मौका नहीं दिया गया था. इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 से उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया. हालांकि, इंग्लैंड में वैभव का बल्ला ज्यादा नहीं चला. लेकिन उन्होंने इससे सीख लेकर जिम्बाब्वे दौरे पर अपने दम दिखाया और वह प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए. वैभव यह अवॉर्ड हासिल करने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज हैं.

## मेसी ने आग प्रभावितों को दिए 80 हजार यूरो



**नई दिल्ली.** फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी लियोनल मेसी ने स्पेनिश राजधानी मैड्रिड में हाल ही में जंगल में लगी भीषण आग से प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्निर्माण के प्रयासों के लिए 80,000 यूरो (करीब 88 लाख रुपये) का दान दिया है. मैड्रिड क्षेत्रीय सरकार की प्रेसिडेंट इसाबेल डियाज अयुसो ने सोशल मीडिया पर इस अर्जेंटीना के स्टार के योगदान की घोषणा की और प्रभावित समुदायों के समर्थन में उनके इस उदार भाव के लिए धन्यवाद दिया. इसाबेल डियाज ने कहा, मेसी ने मैड्रिड के सिएरा ओएस्ते क्षेत्र के पुनर्निर्माण के लिए 80,000 यूरो दान किए हैं. मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहती हूं और उनसे कहना चाहती हूं कि मैड्रिड के लोग जल्द ही उनका स्वागत करने और उन्हें वह सम्मान देने के लिए उत्सुक हैं जिसके वे हकदार हैं.

## भारत दौरे पर अभ्यास मैच नहीं खेलेगा ऑस्ट्रेलिया



**नई दिल्ली.** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज अगले साल से होगी. ऑस्ट्रेलियाई टीम इसके लिए भारत दौरे पर आएगी, लेकिन कंगारू टीम सीरीज से पहले अभ्यास मैच नहीं खेलेगी. ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा है कि उनकी टीम अगले वर्ष भारत के खिलाफ होने वाली बहुचर्चित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज से पहले कोई अभ्यास मैच नहीं खेलेगी. मैकडोनाल्ड का मानना है कि उपमहाद्वीप जैसी परिस्थितियों में छोटा तैयारी शिविर टीम के लिए अधिक उपयोगी साबित होगा. पांच टेस्ट मैचों की यह बहुप्रतीक्षित सीरीज 21 जनवरी से नागपुर में शुरू होगी. मैकडोनाल्ड ने कहा, हमें लगता है कि परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढालने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा. इसलिए हम कोई अभ्यास मैच नहीं खेलेंगे.

## एंकर स्पोर्ट्स ने 'जाफना किंग्स' को खरीदा



**स्टॉकहोम, 05 अगस्त ( वार्ता ) भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान और उद्योगपति नागेंद्र सिद्दौताम के सह स्वामित्व वाली एंकर स्पोर्ट्स एबी कंपनी ने लंका प्रीमियर लीग ( एलपीएल ) की फ्रैंचाइजी 'जाफना किंग्स' का अधिग्रहण कर लिया है.**

अब टीम का नया नाम एंकर जाफना किंग्स होगा. एंकर स्पोर्ट्स एबी के अधिग्रहण के साथ जाफना किंग्स एक बार फिर संगठित प्रबंधन के तहत लौट आई है. 23 जुलाई से टीम श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) और एलपीएल के अधिकारधारक इनोवेशन प्रोडक्शन ग्रुप (आईपीजी) के आपातकालीन नियंत्रण में थी, क्योंकि पिछले मालिकों का अनुबंध समाप्त कर दिया गया था. इस अधिग्रहण के साथ जाफना किंग्स अब एंकर स्पोर्ट्स एबी के बढ़ते वैश्विक मल्टी-क्लब स्पोर्ट्स नेटवर्क का भी हिस्सा बन गई है.

> आईपीजी की विज्ञप्ति के अनुसार, 'इस अधिग्रहण से एंकर स्पोर्ट्स के अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम को मजबूती मिली है. इसके अंतर्गत पहले से ही बेल्जियम की यूरोपियन टी-20 प्रीमियर लीग में एंटवर्प एंकर्स और कनाडा की सुपर60 लीग में वैनकूवर एंकर्स की पुरुष और महिला टीमें शामिल हैं. यह बदलाव जाफना किंग्स के पिछले मालिक स्पोर्ट्स कम्यून का अनुबंध समाप्त होने के दो सप्ताह से भी कम समय बाद हुआ है. स्पोर्ट्स कम्यून के सह-मालिक, भारत के पूर्व अंडर-19 क्रिकेटर मंजोत कालरा और उद्यमी मयंक गोयल थे.

# अजीत अगरकर की कुर्सी खतरे में

### दिग्गज खिलाड़ी बन सकता है नया चीफ सेलेक्टर



**नई दिल्ली, 05 अगस्त. भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर का कार्यकाल सितंबर 2026 में समाप्त होगा और ऐसा माना जा रहा था कि 2027 वनडे विश्व कप तक उनका कार्यकाल बढ़ाया जाएगा.**

इंग्लैंड के हालिया दौरे पर दूसरे वनडे से पहले रोहित के करियर खत्म होने की खबरों का बाहर आना, उसके बाद बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया का मुख्य चयनकर्ता से बात किए बिना ये कहना कि रोहित जब तक टीम योजना का हिस्सा हैं तब तक वह खेलेंगे और उसके बाद पूर्व कप्तान के शतक ने स्थितियों को सुधारने की जगह दुरूह कर दिया है. अगरकर का कार्यकाल इस साल जून में ही समाप्त हो गया था, लेकिन बीसीसीआई ने उन्हें तीन महीने का विस्तार दे दिया था. पहले उनके कार्यकाल को जून 2027 तक बढ़ाए जाने पर विचार किया जा रहा था लेकिन अब बीसीसीआई के कुछ पदाधिकारी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के क्रिकेट प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण को मुख्य चयनकर्ता बनाने के बारे में विचार कर रहे हैं. हालांकि अभी ये विचार के स्तर पर ही है और इस पर फैसला सितंबर में होने वाली बीसीसीआई की वार्षिक आम सभा में होगा.

## शुभदीप बने टीम इंडिया के नए फील्डिंग कोच

**नई दिल्ली.** भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के सपोर्ट स्टाफ में बड़ा बदलाव हुआ है. इंग्लैंड के खिलाफ व्हाइट-बॉल सीरीज के बाद सहायक कोच रयान टेन डोशेटे के पद छोड़ने और फील्डिंग कोच टी दिलीप का कार्यकाल खत्म होने के बाद बीसीसीआई ने शुभदीप घोष को टीम इंडिया का नया फील्डिंग कोच नियुक्त किया है. उनका पहला असाइनमेंट 15 अगस्त से श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज होगी. शुभदीप घोष भारतीय घरेलू क्रिकेट का जाना-पहचाना नाम हैं. उन्होंने अपने खिलाड़ी करियर में असम और रेलवे का प्रतिनिधित्व किया. 1994 से 2005 के बीच उन्होंने 17 फर्स्ट क्लास और 17 लिस्ट-ए मुकाबले खेले.

**टेस्ट मुकाबला** | शफीक के शतक से पाकिस्तान मजबूत

# दूसरे टेस्ट में जीत के करीब पाक



**पोर्ट ऑफ स्पेन, 05 अगस्त. अब्दुल्लाह शफीक की ऐतिहासिक नाबाद 160 रन की पारी और साजिद खान की शानदार गेंदबाजी के दम पर पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन मुकाबले पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली.**

दिन का खेल खत्म होने तक वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में 103 रन पर छह विकेट गंवा दिए थे. पाकिस्तान के लिए साजिद ने चार विकेट चटकाए, जबकि उस्मान अली ने दो बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा. तीसरे दिन कुल 14 विकेट गिरे और मुकाबला रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया.

शफीक की पारी इस मुकाबले की सबसे बड़ी उपलब्धि रही. उन्होंने 323 गेंदों का सामना करते हुए 15 चौके और तीन छक्के लगाए. नाबाद 160 रन के साथ शफीक ने 1977 के बाद वेस्टइंडीज में टेस्ट मैच में 150 से अधिक रन बनाने वाले पहले पाकिस्तानी बल्लेबाज बनने का गौरव हासिल किया. इस तरह उन्होंने पाकिस्तान के लिए 49 साल से चले आ रहे इंतजार को खत्म कर दिया. पाकिस्तान ने तीसरे दिन दो विकेट पर 266 रन से आगे खेलना शुरू किया था. स्कोर 281 रन तक पहुंचा ही था कि बाबर आजम एक रन लेने के प्रयास में रन आउट हो गए. वह शतक से 12 रन दूर रह गए. इसके बाद पाकिस्तान ने थोड़े अंतराल में कई विकेट गंवाए और उसका स्कोर छह विकेट पर 311 रन हो गया.

> मोहम्मद रिजवान भी 18 रन बनाकर आउट हुए. ऐसे मुश्किल समय में साजिद खान ने शफीक का साथ दिया. दोनों ने सातवें विकेट के लिए 59 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की और पाकिस्तान को संभाला. शफीक ने इसके बाद शानदार बल्लेबाजी जारी रखते हुए 150 रन पूरे किए. हालांकि बाद में वॉरिकन ने निचले क्रम के बल्लेबाजों पर कहर बरपाया और चार गेंदों के भीतर तीन विकेट चटकाकर पाकिस्तान की पारी को 387 रन पर समेटने में अहम भूमिका निभाई. वॉरिकन ने कुल छह विकेट लिए. वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी की शुरुआत सकारात्मक अंदाज में की. तगेनारायण चंद्रपॉल और कावेम हॉज ने कुछ अच्छे शॉट लगाए, लेकिन पाकिस्तान के स्पिनरों ने जल्द ही मुकाबले का रुख बदल दिया. साजिद ने चंद्रपॉल को पगबाधा आउट कर पहला झटका दिया.